हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

10 दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और रिले रेस में दिखाया ...



11 नप कार्यालय का भ्रमण कर स्वयंसेविकाओं ने ...



*परीक्षा में जिलेभर से 2107 विद्यार्थियों ने कराया था रजिस्ट्रेशन*

# 1560 छात्रों ने दी बुनियाद परीक्षा, 547 रहे गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शिक्षा निदेशालय द्वारा शुक्रवार को बुनियाद परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिले भर से 2107 विद्यार्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसके लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झज्जर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुबांहेडी शामिल रहे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ जसबीर दलाल ने बताया कि जिले में 1560 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 547 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक के नेतृत्व में पर्यवेक्षक टीम का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत जिला नोडल अधिकारी जसबीर दलाल, जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया एवं जिला गणित विशेषज्ञ विक्रम सिंह ने परीक्षा केंद्रों का अवलोकन किया।

**जिले में बनाए गए थे छह परीक्षा केंद्र**



झज्जर। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

*प्राथमिक विद्यालयों के मुखियाओं ने भाग लिया*

# सेंसस असेसमेंट परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक

**29 व 30 दिसंबर को आयोजित होगी दूसरी और तीसरे के छात्रों की परीक्षा**



**झज्जर।** शुक्रवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। जिसमें जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुखियाओं ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 29 व 30 दिसंबर को आयोजित होने वाली दूसरी व तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों की सेंसस असेसमेंट परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेना रहा। बहादुरगढ़ खंड की बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ तथा झज्जर खंड की बैठक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों तथा प्राथमिक अध्यापकों को निष्पक्ष, ईमानदार व पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। विद्यालयों में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ व सुरक्षित विद्यालय परिवेश विद्यार्थियों को बेहतर सीखने के लिए प्रेरित करता है। बैठक में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पुनिया ने विभाग द्वारा सुझाए गए शीतकालीन अवकाश के गृहकार्य को विद्यार्थियों तक सार्थक रूप से पहुंचाने पर जोर दिया।

खंड शिक्षा अधिकारी रूपिंदर नांदल ने आश्वस्त किया कि टीम झज्जर पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रही है और सेंसस असेसमेंट सहित सभी आधारभूत आंकलनों में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए सतत प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट के आरोप में चार दबोचे

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में दुकान में घुसकर युवक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों सहित चार आरोपी गिरफ्तार किए हैं। बालिग आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

वारदात सांखोल के निवासी आर्यन के साथ हुई थी। बुधवार को आर्यन गांव में स्थित अपनी बिजली की दुकान पर था। इसी दौरान आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उस पर हमला कर दिया। डंडों से वार किए। हमले में उसे काफी चोट आई। सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पहले दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद दो बालिग आरोपी विक्की व दीपक को काबू किया। इनसे वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा व कार बरामद की गई। दोनों आरोपी पूछताछ के बाद जेल भेज दिए।

### बदलते मौसम में स्वास्थ्य पर परिचर्चा कल होगी

**बहादुरगढ़।** शहर के दिल्ली हॉस्पिटल में बदलते मौसम के दौरान स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों और सावधानियों को लेकर रविवार 28 दिसंबर को एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। सत्येंद्र दहिया ने बताया कि परिचर्चा में बदलते मौसम में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां, वृद्धावस्था में मौसमी बीमारियों से बचाव तथा स्वस्थ शरीर एवं शांत मन के लिए उपयोगी जीवनशैली से जुड़े सुझावों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।

### आरोपियों को पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया

# पत्नी की हत्या कर शव जलाने के मामले में तीन आरोपी दबोच

**वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की**

*जांच में आरोपी के पिता देवेंद्र और ताऊ योगेश की संलिप्तता सामने आई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा योजनबद्ध तरीके से पत्नी की हत्या कर शव जलाने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी माछरौली परमजीत ने बताया कि मृतका आशा की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी आशा की शादी 30 अप्रैल 2025 को गांव खेड़ी सुल्तानपुर निवासी जतिन के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही आरोपी पति द्वारा आशा की हत्या किए जाने का संदेह जताया गया।

■ मृतका आशा की मां ने दर्ज करवाई थी शिकायत

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बीते 18,19 दिसंबर की रात को आरोपी जतिन ने अपनी पत्नी आशा की हत्या कर दी और वारदात को छिपाने के इरादे से उसी रात उसके शव को जला दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी जतिन को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई और जांच में आरोपी के पिता देवेंद्र और ताऊ योगेश की संलिप्तता सामने आई। जिसके बाद दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि हत्या की साजिश में देवेंद्र की अहम भूमिका थी। जिसकी निशानदेही पर वह डंडा बरामद किया गया जिससे शव को पूरा जलाने में उपयोग किया गया था। वहीं, शव को जलाने की प्रक्रिया में ताऊ योगेश की भूमिका पाई गई।

आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से मुख्य आरोपी जतिन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि देवेंद्र और योगेश को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### कातिलाना हमला करने के 9 आरोपी जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** गाड़ी लगाने को लेकर हुए विवाद में चाकू से हमला करने के मामले में सेक्टर 16 चौकी पुलिस ने 9 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों से वारदात में प्रयोग किए गए हथियार व ऑटो बरामद किया गया है। वारदात 23 दिसंबर की दोपहर को हुई थी। दरअसल, यूपी मूल के धर्मराज ने अपनी गाड़ी यहां सेक्टर 4बी स्थित एक कंपनी के बाहर लगा रखी थी। इसी दौरान आगे खड़ी एक अन्य गाड़ी को हटाने के लिए कहा गया तो विवाद गहरा गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने धर्मराज सहित चार लोगों पर चाकू व अन्य हथियार से वार किए। इस संबंध में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में अब तबरेज आलम, मोहम्मद अशफाक निवासी बिहार, अजहरुद्दीन, अकरम अंसारी, सोनू, सरवर आलम, इनायत अंसारी, तालीम अंसारी निवासी यूपी को काबू कर जेल भेज गया है। चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सभी आरोपी पूछताछ के बाद जेल भेज दिए गए हैं। उनसे वारदात में प्रयुक्त किए गए डंडे, ऑटो व अन्य हथियार बरामद किए गए। मामले में जांच जारी है।

# सड़क पार करते समय कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत




झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

■ उपचार के दौरान निजी अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के बहादुरगढ़ रोड पर सड़क क्रॉस करते समय कार की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर की देव कालोनी निवासी बुजुर्ग करीब 85 वर्षीय रामफल पुत्र हजारी के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भतीजे रामबीर ने बताया कि जब रामफल वीरवार दोपहर करीब बारह बजे अपने घर से निकलकर रास्ता पार कर रहे थे तो एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रामबीर की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। डीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल से मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### नेकी की दीवार से जरूरतमंदों को मिले वस्त्र

**बहादुरगढ़।** शिव धर्मार्थ जन सेवा समिति की ओर से सेक्टर-6 स्थित पहली पुलिया पर नेकी की दीवार लगाई गई। नेकी की दीवार पर काफी लोगों ने वस्त्र दान किए तो बहुत से जरूरतमंदों को वस्त्र प्राप्त हुए। समिति सदस्यों ने बताया कि अक्सर लोग अपने घरों में ऐसे कपड़े रख देते हैं, जो उनके काम के नहीं रहते लेकिन किसी और के लिए बहुत कीमती साबित हो सकते हैं। इसी सोच के साथ यह पहल शुरू की गई है। जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है। पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, समिति प्रधान सुमेर हुड्डा, उप-प्रधान उत्तम सिंह मलिक, सचिव नरेंद्र बेनीवाल, संयुक्त सचिव जयप्रकाश दलाल, कोषाध्यक्ष राजेश दहिया, प्रेस प्रवक्ता जय सिंह सैनी, जयपाल सांगवान, राजेश राठी, सुमेर राठी, रामधन दलाल आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक 29 को

**झज्जर।** जिला के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आगामी 29 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में संपन्न होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पंचकूला उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन द्वारा की जाएगी। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल से संबंधित सभी शिकायतें मौके पर ही सुनी जाएंगी और समाधान किया जाएगा।

### बीसीसीआई पदाधिकारियों ने किया एसडीएम का स्वागत



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अभिनव सिवाच (आईएएस) का औपचारिक एवं सौहार्दपूर्ण स्वागत किया। बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद (सोनी), केके सेठ, देशराज, सुभाष धमिजा व सुमित मेहता ने एसडीएम से मुलाकात के दौरान स्थानीय औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही एसडीएम अभिनव सिवाच को उद्यमियों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। निमंत्रण को स्वीकारते हुए एसडीएम ने बताया कि वे सोमवार को होने वाली बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### सुशासन सहयोगी कार्यक्रम दूरदर्शी पहल

**झज्जर।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल ने झज्जर जिले का दौरा कर प्रशासन के अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। बैठक के दौरान जिला से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सारगर्भित चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर पर वास्तविक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

**सुविधा** | विधायक राजेश जून ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

*साढ़े तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क की मोटाई 70 मिलीमीटर होगी*

# जसौर खेड़ी से कुलासी तक 1.18 करोड़ में बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को गांव जसौरखेड़ी से कुलासी तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया।

दरअसल, विधायक कोटे से बनने वाली इस सड़क के निर्माण पर 1 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत आएगी। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी यह सड़क 70 मिलीमीटर मोटाई की होगी। विधायक राजेश जून ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य टेंडर में तय मानकों के अनुसार ही पूरा किया जाए। उन्होंने ग्रामवासियों से भी अपील करते हुए कि वे स्वयं निर्माण कार्य पर नजर रखें। विधायक राजेश जून ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी का आभार जताते हुए कहा कि बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लगभग सभी सड़कें नई बन चुकी हैं। शेष सड़कों का बजट स्वीकृत हो चुका है और जल्द ही उनका निर्माण करवाया जाएगा।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### कचरे को जलाने से बाज नहीं आ रहे लोग

# फिर 350 के पार पहुंचा एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दो-तीन दिन की हल्की राहत के बाद शुक्रवार को इलाके में फिर से प्रदूषण बढ़ गया। दोपहर के वक्त औसतन एक्यूआई 371 दर्ज किया गया। वहीं, दूसरी तरफ तेज धूप के चलते दोपहर के वक्त ठंड का असर कम दिखा।

दरअसल, बीते काफी समय से बहादुरगढ़ में प्रदूषण की समस्या गहराई हुई है।

हाल ही में तेज हवा चलने से प्रदूषण से हलकी राहत मिली और एक्यूआई का स्तर कम हुआ लेकिन शुक्रवार को फिर से वही पुराने हालात देखने को मिले। दोपहर चार बजे यहां औसतन एक्यूआई 371 दर्ज किया गया। प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या का सामना करने के बावजूद इलाके में जागरूकता का अभाव देखने को मिल रहा है। लोग कचरे के ढेरों को आग के हवाले करने में बाज नहीं आ रहे। वहीं, शुक्रवार को दोपहर तक तेज धूप खिली रही। हालांकि दोपहर 2 बजे के बाद बीच बीच में बादल भी छाए। अधिकातम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। गत 20 दिसंबर को अधिकतम तापमान 16 डिग्री पर गया था।

हरिभूमि पाठकों के लिए विशेष सौगात
पंचांग–2026
आज दिनांक 27 दिसम्बर 2025 (शनिवार) के अंक के साथ



पंचांग मूल्य : रुपये 3.00/-*
*(समाचार पत्र मूल्य के अतिरिक्त)
आज ही वितरक से अपनी प्रति प्राप्त करें।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता: विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और रिले रेस में दिखाया दमखम



झज्जर। वीर कुमार बाबू के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरपीएस स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर कुमार बाबू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रतियोगिता की शुरूआत की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मार्च-पास्ट, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले रेस आदि में भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव, प्राचार्या अंजू यादव, डॉक्टर कमल यादव, प्रवीण धनखड़, मोनिका धनखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## खेल कूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**झज्जर।** एमआर स्मार्ट वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य आदर्श मिश्रा ने बताया कि उत्कर्ष शीर्षक से आयोजित इस खेल कूद उत्सव में भीम अवार्डी एवं इनकम टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर मनोज धनखड़ ने मुख्यातिथि के रूप मं शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन के बाद हरी झंडी दिखाते हुए खेलों की शुरूआत की। इस दौरान फ्रॉग रेस, लेमन-स्पून रेस, रिंग रेस, 50 मीटर रेस, बैक रेस, हर्डल रेस, कोन रेस, बॉल थ्रो रेस, थ्री लेग रेस, चेयर रेस, टी-शर्ट कैप रेस आदि स्पर्धाएं कराई गई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल-कूद जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से हमारे जीवन में अनुशासन आता है और ये अनुशासन हमें जीवन के दूसरे क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने में मदद करता है। वहीं विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान व निदेशिका संगीता कोडान ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निधि, रोमा, साक्षी, अनूपा, कीर्ति, अनीता, ज्योति, जयकरण सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## वार्षिक खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**झज्जर।** संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में शुक्रवार को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मशाल जलाकर खेल महोत्सव की शुरूआत की। इस दौरान 100मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, रस्साकस्सी, फुटबॉल, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमें अनुशासन और त्याग की भावना सिखाते हैं। यह मनोरंजन के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास का भी एक जरिया है। खेल हमारे व्यक्तित्व को निखारते है और हमे एक बेहतर इंसान बनाते है। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने कहा कि खेलकूद स्वास्थ्य का मूल है, हमें खेलो में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेलों में भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## मांडोठी के नितिन ने शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान



बहादुरगढ़। कांस्य पदक विजेता शूटर नितिन दलाल।

**बहादुरगढ़।** पहलवानों के लिए विख्यात गांव मांडोठी में अब युवा शूटिंग में भी आजमाने लगे हैं। गांव में रहने वाले नितिन दलाल ने दिल्ली में हुई 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उसकी इस सफलता से न केवल परिवार और गांव में भी खुशी का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र में गर्व और उत्साह देखा जा रहा है। मांडोठी गांव के होनहार निशानेबाज नितिन दलाल ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दिल्ली के डॉ. करण सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के शीर्ष निशानेबाज भाग ले रहे थे। प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में नितिन दलाल ने बेहतरीन एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। कड़े मुकाबले के बीच नितिन ने अपने अनुभव और आत्मविश्वास से खुद को साबित किया और हरियाणा का नाम रोशन किया। कोच संदीप नेहरा ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बताया कि नितिन ने लगातार मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि नितिन इससे पहले भी वर्ष 2024 में जूनियर स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीत चुके हैं, जो उनकी प्रतिभा और उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। वर्तमान में नितिन रोहतक स्थित अभिनंदन शूटिंग अकादमी में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने नितिन दलाल को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

## फुटबॉल में द्वितीय व रस्साकशी में तृतीय रहे

**बहादुरगढ़।** बाल भारती स्कूल में आयोजित अंतर-विद्यालय अंडर-14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में सैनिक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जूपिटर स्कूल में हुई सहोदया अंतर-विद्यालय अंडर-14 बालक रस्साकशी प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल टीम में कंचन, वान्या रानी, जानवी, वंशिका, परिणा, श्रेया, हिमानी, सिल्वी व प्रियंका शामिल थी। रस्साकशी टीम में उमंग, शुभम, साहिल, लवांश, कनिष्क, युवराज, लोकेश, अर्पित, रियान, राजकुमार व दैविक शामिल थे। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने खिलाड़ियों को इस सफलता पर बधाई दी तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल प्रबंधन।

# रोड सेफ्टी क्विज: लेवल-1 में एचडी स्कूल साल्हावास की टीम रही अव्वल

- चार टीमों ने किया स्टेट के लिए क्वालीफाई, डीसीपी मयंक मिश्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को बहादुरगढ़ स्थित आईडीटीआर सेंटर में रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का आयोजन हुआ। जिलेभर के स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता चार टीमों ने स्टेट के लिए क्वालीफाई कर लिया। प्रतियोगिता में डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। लेवल-1 यानी तीसरी से पांचवीं कक्षा में एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल साल्हावास की टीम ने पहला, मदर इंडिया स्कूल मारौत ने दूसरा व आकाश इंटरनेशनल स्कूल बहादुरगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। लेवल-2 में नव ज्योति स्कूल लकड़िया पहले, एचडी साल्हावास की टीम दूसरे तथा सेंथ थॉमस बहादुरगढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। लेवल-3 में मान सिंह हाई स्कूल बहादुरगढ़ की टीम विजेता बनी।

दूसरे स्थान पर एचडी साल्हावास तथा तीसरे पर जीएसएसएस साल्हावास की टीम रही। लेवल-4 में पीडीएम कॉलेज की टीम पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर आईटीआई बहादुरगढ़ और तीसरे स्थान पर वैश्य बीएड कॉलेज की टीम रही। डीसीपी मयंक मिश्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसीपी प्रदीप कुमार, एसएचओ ट्रैफिक सतीश कुमार, एसआई सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे। एसएचओ सतीश कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में यातायात नियमों की समझ विकसित करना और सड़क सुरक्षा के प्रति उन्हें जागरूक बनाना है। चारों लेवल में पहला स्थान प्राप्त करने वाली टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।



बहादुरगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते डीसीपी मयंक मिश्रा।

# पार्कों में झूले लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। झूले लगाने के काम का शुभारंभ करती चेयरपर्सन। फोटो : हरिभूमि

शहर के पार्कों में बच्चों के लिए झूले लगाने का काम नगर परिषद ने शुरू कर दिया है। करीब 59 लाख रुपये की लागत से शहर के विभिन्न पार्कों में 19 प्रकार के आधुनिक झूले लगाए जाएंगे। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सेक्टर-7 स्थित तिरंगा पार्क में नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा और पार्षद ज्योति रोहिल्ला मौजूद रहीं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि लंबे समय से शहर के पार्कों में झूलों की खराब हालत और बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। कई पार्कों में झूले जर्जर हो चुके थे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद ने सभी पार्कों में नए और आधुनिक झूले लगाने का निर्णय लिया है। इस परियोजना के तहत कुल 235 नए झूले लगाए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पार्षद भीम सिंह प्रणामी, राजेश तंवर, करतार सिंह देशवाल, श्याम लाल, धर्मवीर, विकास खत्री, संयुक्ता खत्री, मंजू खत्री, डॉ. देवेंद्र कुमार, जेई आशीष व पवन रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय पुस्तक मेले की शुरूआत

**झज्जर।** आरईडी स्कूल में शुक्रवार से दो दिवसीय पुस्तक मेले की शुरूआत की गई। विद्यार्थियों की रीडिंग स्किल्स एवं पठन-पाठन की आदतों के विकास के उद्देश्य से शुरू किए गए इस मेले में स्कॉलास्टिक पब्लिशर्स द्वारा विद्यार्थियों के लिए रोचक, ज्ञानवर्धक एवं आयु-उपयुक्त पुस्तकों का विस्तृत संग्रह उपलब्ध कराया गया है। जिसमें कहानी, पुस्तकें, कॉमिक्स, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, शब्दकोश तथा रचनात्मक लेखन से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व बताते हुए उन्हें नियमित रूप से पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि, भाषा कौशल और कल्पनाशीलता का विकास होता है।




# जागरूकता कार्यक्रम: महिला कर्मियों को दी ट्रिप मॉनिटरिंग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। महिला कर्मियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाती एचसी टीना। फोटो : हरिभूमि

महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने सेक्टर-17 स्थित कुशन पॉलिटेक कंपनी में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य सिपाही टीना ने महिलाओं को डायल 112 आपातकालीन सेवा, ट्रिप मॉनिटरिंग और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने बताया कि डायल 112 के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। वहीं ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा महिलाओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है, जिसके तहत देर रात या अकेले सफर करने वाली महिलाएं अपनी यात्रा की जानकारी पुलिस के साथ साझा कर सकती हैं। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक और सरल उपाय भी समझाए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता, साहस और सूझबूझ के साथ अपनी सुरक्षा करनी चाहिए।

### मोहन हत्याकांड में सुपारी किलर का हाथ

# सोनीपत के गैंग पर शक की सुई हत्यारों के करीब पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बहाला गांव में गत 23 दिसंबर को हुई खाद-बीज विक्रेता मोहन की गोली मारकर हत्या मामले में सीआईए की टीमों को अहम सुराग हाथ लगे हैं। आरंभिक जांच में मोहन की हत्या के पीछे सुपारी किलर का हाथ माना जा रहा है, जिसे सोनीपत की एक गैंग ने अंजाम दिया है। पुलिस हत्यारों के करीब पहुंच चुकी है। हत्याकांड का खुलासा भी जल्द हो सकता है।

मोहन की हत्या को उस समय अंजाम दिया गया था, जब वह बेटे व भाई के साथ अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इंडेवर कार में आए सशस्त्र बदमाशों ने उसे चार गोलियां मारी थीं। जब वहां मौजूद मोहन के बेटे व अन्य लोगों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, तो बदमाश उन्हें भी गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। अगले दिन परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। परिजनों ने पोस्टमार्टम से पहले हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की थी।



डीएसपी कोसली विद्यानंद के आरोपियों को 24 घंटों में गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सहमत हो गए थे। हत्या के बाद से ही तीनों सीआईए और कोसली पुलिस की टीम आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। एक टीम बदमाशों का पता लगाने के लिए वारदात के तुरंत बाद सोनीपत तक पहुंच गई थी।

# सैनी वेलफेयर एसोसिएशन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली के रामपुरा की सैनी वेलफेयर एसोसिएशन ने महाराजा शुरसैनी जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व पार्षद जसबीर सैनी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि हमें महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

हम सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ें। समाज में डीलरों की बजाय लीडरों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर तिलकराम गुप्ता, मीनू वीरेंद्र गोयल, रवि हंस, जितेंद्र तोमर, अनिल भारद्वाज, मनोज यादव, श्रीपाल सैनी, नानकचंद सैनी, सुमेर सैनी, रोहित प्रधान, पुनीत प्रधान, वीरेंद्र सैनी, समय सैनी, हरीश सैनी, महेश सैनी, शिवा सैनी, मनीष, अनिल, सुभाष शर्मा, बजरंग सोनी, मनोज व सत्यवान आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जसबीर सैनी को सम्मानित करते सैनी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**वीर बाल दिवस** | पेंटिंग, कहानी कविता, भाषण, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया

# वीर सपूत जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को वीर बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीर सपूत जोरावर सिंह और फतेह सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, कहानी कविता, भाषण, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में भाषण स्पर्धा में मानवी और प्रीत, निबंध लेखन में नियती व रिया, कविता वाचन में यास्मिन व इशिका, पोस्टर मेंकिंग में प्रज्ञा ने पहला स्थान हासिल किया। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के वीर सपूतों जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदानी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुगलों ने धर्म परिवर्तन न करने के कारण इन वीर बालकों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया था। शिक्षिका पारुल यादव व उषा शर्मा ने भी वीर बालकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।



## भदाना की चौपाल में रेखाचित्र के माध्यम से शहीद ऊधम सिंह को किया नमन

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने महान क्रांतिकारी उधम सिंह जी की जयंती पर उनका एक विशाल रेखाचित्र बनाकर श्रद्धांजलि प्रदान की। मुकेश शर्मा ने बताया कि उधम सिंह जी का जन्म 26 दिसंबर 1899 में पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम में हुआ था, और उनको उस समय लोग शेर सिंह के नाम से जाना करते थे। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए इंग्लैंड में जाकर जरनल डायर को भरी एसेंबली में मारा था। इसके लिए 31 जुलाई 1940 को इंग्लैंड के कानून ने उनकों फांसी की सजा दी थी।




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया विशाल रंगोली रेखाचित्र।



झज्जर। स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए शिक्षक।

# स्वयंसेवकों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहीद लांस नायक मुकेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योग से हुई। सिक्योरिटी टीचर सज्जन पाल दहिया ने स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा और डिजिटल लिटरेसी बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल जनता साइबर चोरी का शिकार हो रही है। इस चोरी का शिकार पढ़ें लिखे लोग ज्यादा हो रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा के उपायों की जानकारी भी दी।

## खबर संक्षेप

### विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी लेखन, निबंध, कविता तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन मंजीत फौगाट ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पाठशाला में हुई मेगा पीटीएम

**बहादुरगढ़।** मेन बाजार राजकीय प्राथमिक पाठशाला में शुक्रवार को मेगा पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एबीआरसी नीलम रानी ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और प्रतिदिन बच्चों का होमवर्क अवश्य जांचें। 29 व 30 तारीख को दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों की आकलन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के प्रति किया गया जागरूक

# नप कार्यालय का भ्रमण कर स्वयंसेविकाओं ने अधिकारियों से समझी कार्यप्रणाली

सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति अभियान विषय पर स्वयंसेविकाओं के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस संबंध में स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली निकालकर लोगों को नशे के प्रति जागरुक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि शिविर में एएसआई सज्जन कुमार ने स्वयंसेविकाओं को नशा करने के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी तथा तंबाकू, शराब, ड्रग्स तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने नशे के खिलाफ रिपोर्टिंग या सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी दी।

इसके अलावा उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी भी दी। इस दौरान नशा मुक्ति टीम द्वारा स्वयंसेविकाओं को नशा मुक्त भारत अभियान संबंधी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति अभियान विषय पर स्वयंसेविकाओं के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें तनिषा और खुशी विजेता रही। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने नगर परिषद का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य शहरी प्रशासन, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता प्रबंधन, कर व्यवस्था, शिकायत निवारण प्रणाली और शहरी विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करना रहा। नगर परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वयंसेविकाओं को सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और कचरा प्रबंधन की कार्यप्रणाली समझाई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र कुमार ने शहरी विकास में युवाओं की भूमिका और स्वच्छता अभियान में उनकी सहभागिता पर मार्गदर्शन किया। इस मौके पर डॉक्टर पूजा नांदल, ज्योति, लक्ष्मी, साहिल, नरेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल के साथ नगर परिषद परिसर में उपस्थित स्वयंसेविकाएं।


बहादुरगढ़। अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टमार्टम में देरी पर परिजनों ने जताई नाराजगी

*बहादुरगढ़। एक प्रवासी व्यक्ति की मौत के बाद पोस्टमार्टम में देरी हुई तो परिजन भड़क गए। परिजनों ने अस्पताल में डॉक्टर्स पर पोस्टमार्टम में देरी करने के आरोप लगाए। हालांकि दोपहर को पोस्टमार्टम कर दिया गया। बिहार मूल का विनय यहां टीकरी बॉर्डर स्थित हरिदास कॉलोनी में रहता था। एमआईई में उसकी चाय की दुकान है। बीती रात करीब 11 बजे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे सांस लेने में दिक्कत हुई तो परिजन बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लेकर आए। यहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में आकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शुक्रवार की दोपहर मृतक विनय के परिजन अचानक भड़क गए। वे सड़क पर जाम लगाने के लिए गए लेकिन कुछ ही क्षणों बाद वापस अस्पताल के अंदर लौट गए। भतीजे मयंक ने कहा कि डॉक्टरों ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करने के लिए कहा था। हम सुबह ही आ गए थे और पुलिस ने कागजात भी तैयार कर दिए लेकिन पोस्टमार्टम करने में गंभीरता नहीं दिखाई गई। कई घंटों तक वे खड़े रहे। फिर दोपहर बाद पोस्टमार्टम हो सका। उन्होंने कहा कि कम से पोस्टमार्टम करने में तो संजीदगी बरती जानी ही चाहिए।*


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## फाउंडेशन में मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ वीर बाल दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अद्भुत साहस, बलिदान और धर्मनिष्ठा को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। इसमें विद्यार्थियों को साहिबजादों के बलिदान से अवगत करवाया गया।

विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, नाटक एवं नृत्य के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से यह संदेश दिया कि देश, धर्म और सत्य के लिए किया गया बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने कहा कि कम उम्र में भी अदम्य साहस, दृढ़निश्चय और सत्य के मार्ग पर चलने की शक्ति हो सकती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी के अनुसार विद्यार्थियों में साहस, बलिदान, राष्ट्रप्रेम और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया। सभी विद्यार्थियों ने वीर बालकों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### बाल विकास में मनाया वीर बाल दिवस

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीर बाल दिवस को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। तीसरी से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए की गई। बच्चों ने भाषण, कविता पाठ, चित्रकला, नाटक और प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रिंसिपल डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि साहिबजादों का बलिदान आज भी हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर ने भी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की। विद्यार्थियों को वीर बाल दिवस के संदेश को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में चित्रकला करते बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी।

## अटल स्मृति सम्मेलन में किया सुशासन की भावना को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति में जिले की झज्जर व बेरी विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा राष्ट्र निर्माण में वाजपेयी जी का योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सुशासन की भावना को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

कमलम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बिरधाना, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल, कार्यक्रम संयोजक मनीष बंसल, जिला महामंत्री दया किशन जांगड़ा, सह-संयोजक गौरव सैनी आदि ने शिरकत की। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सर्वसमावेशी विकास का प्रतीक रहा है।

उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर देश को एक नई दिशा प्रदान की। इस दौरान जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मनीष बंसल व संजय कबलाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसी प्रकार बेरी विधानसभा का सम्मेलन दुल्हेड़ा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मंडलाध्यक्ष राजपाल, सतेंद्र जाखड़, सुरेंद्र शर्मा, बेरी मंडल अध्यक्ष राजबीर आर्य, बुधराम, प्रिंस देशवाल, मंडल प्रभारी अमित जून, हरीश दलाल, मनीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।


झज्जर। जिलाध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ उपस्थित निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो : हरिभूमि

## वीर बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

■ चार साहिबजादों के जीवन, साहस एवं महान बलिदान बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी

**झज्जर।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में शुक्रवार को विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा विद्यार्थियों को गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के जीवन, साहस एवं महान बलिदान बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रार्थना सभा में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं वाचन आदि की प्रस्तुत की गईं। इसके उपरांत विद्यार्थियों के लिए चित्रों में रंग भरो, निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के अलावा वीर बाल दिवस विषय पर प्रेरणादायक कहानियां भी सुनाई गईं। इसके अलावा सीबीएसई द्वारा आयोजित ऑनलाइन सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया।

## शिविर में 128 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

धीरूभाई अंबानी के 93वें जन्मदिवस पर रिलायंस आफिस दादरी तोए सेक्टर पांच परिसर में शिविर का आयोजन

■ शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

धीरूभाई अंबानी के 93वें जन्मदिवस पर मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप एवं रिलायंस फांउण्डेशन ने रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रिलायंस आफिस दादरी तोए सेक्टर पांच परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण उपस्थित रहे। उन्होंने स्वर्गीय धीरूभाई अंबानी के प्रेरणादायी विचारों को दोहराया तथा सभी से निवदेन किया कि हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए तथा उनके विचारों पर अमल करने का प्रयास करना चाहिए। वहीं उन्होंने इंडियन रेडक्रास सोसायटी के वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर पर्व एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमईटी क्षेत्र में आने वाले गांवों के युवाओं, इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों तथा रिलायंस के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सिक्यूरिटी गार्डस ने भी रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 128 ब्लड यूनिट एकत्रित की गई। इस दौरान नीलम सिंह, चंचल, लोकेश कापसे, अक्षय धनखड़, राजकुमार, संजय गुलाटी, मनीष राघव, मधुवेन्द्र, गोविंद, सत्यपाल सिंह, हनी मलिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। शिविर के दौरान उपस्थित रक्तदाता एवं रिलायंस प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### डीसी ने शिकायतों के समाधान व एटीआर रिपोर्ट समय पर भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा।

यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर शीघ्र भेजी जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निवारण करना है। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए हर समस्या का समाधान जिम्मेदारी से करें।

### झाड़ौदा कलां में स्थित बाबा हरिदास मठ में उमड़ी भीड़, कई जगह लगे भंडारे

# भक्तों ने लगाई बाबा हरिदास मंदिर में हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर से सटे झाड़ौदा कलां गांव स्थित बाबा हरिदास मठ में शुक्रवार को छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने पहले पवित्र मल्लाह तालाब में स्नान किया, इसके बाद पैदल जाकर मुख्य मंदिर में शीश नवाया और परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगीं। हालांकि इन दिनों मुख्य मंदिर में निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया।

बता दें कि हरियाणा-दिल्ली समेत कई राज्यों में बाबा हरिदास की मान्यता है। गांव झाड़ौदा में बाबा हरिदास का विशाल मेला साल में दो बार चैत्र व अश्विन शुक्ल की छठ पर लगता है। जबकि मासिक मेला प्रत्येक माह की छठ को लगता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मेले में उमड़ती हैं। शुक्रवार को भी छठ के मौके पर असंख्य श्रद्धालुओं ने यहां पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लिया। अलसुबह मंदिर में पूजा-अर्चना हुई, जो देर शाम तक जारी रही।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा हरिदास के समक्ष शीश नवाकर भविष्य में सुख समृद्धि की मन्नत मांगी। ठंड के बावजूद मेले के दौरान बच्चों, युवाओं, वृद्धों और महिलाओं ने पवित्र तालाब मल्लाह में स्नान किया। क्षेत्र में अनेक जगहों पर भंडारों का आयोजन किया गया। नाहरा-नाहरी रोड पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते हुए दुकानदारों ने कहा कि बाबा हरिदास के पावन धाम पर सच्चे मन से जो भी मुराद मांगी जाती है।

वह अवश्य पूरी होती है। मान्यता है कि बाबा हरिदास ने झाड़ौदा कलां गांव में तपस्या की और तपस्या के बाद उन्हें प्रभु ने अपार शक्तियां प्रदान कीं। तब से लोगों ने बाबा हरिदास को प्रभु का अवतार मानकर उनकी पूजा-अर्चना शुरू की।


बहादुरगढ़। नाहरा-नाहरी रोड पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

## जलजमाव के कारण टूट रही सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लंबे समय के बाद झज्जर रोड का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन निर्माण के कुछ समय बाद ही इस रोड की हालत खराब होने लगी है। जल जमाव के कारण रोड पर गड्ढे बन गए हैं। वाहन चालकों को आने जाने में परेशानी हो रही है।

झज्जर से बहादुरगढ़ आते वक्त यहां फ्लाईओवर के पास काफी दूर तक सड़क पर पानी भरा रहता है। दरअसल, यहां जल निकासी की व्यवस्था ठप है। इसलिए आधी सड़क तक पानी जमा रहता है। जलभराव के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। चौपहिया वाहन चालक तो जैसे तैसे निकल जाते हैं लेकिन दोपहिया वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। धुंध और अंधेरे में यहां हादसे का खतरा बढ़ जाता है। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। दूसरी तरफ वेस्ट जुआं ड्रेन पर भी इस तरह की समस्या गहराई है। वहां नजदीक लगती कॉलोनियों की नालियों से पानी बहकर ड्रेन के साथ बनी सड़क पर जमा रहता है। पानी भरा रहने के कारण दोपहिया वाहन स्लिप हो जाते हैं। हादसे का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नालियों की निकासी व्यवस्था ठीक की जाए ताकि सड़क पर गंदा पानी न बहे।


बहादुरगढ़। झज्जर रोड पर जलभराव के कारण हालात। फोटो : हरिभूमि


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
ON ALL MRP 6% OFF
NEW YEAR Sale
26 DEC TO 10 JAN
On Shopping Of ₹4999 & Above FREE 2 LTR T&C APPLY
On Shopping Of ₹1999 & Above FREE 500ML T&C APPLY
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT HISAR
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS) BUY 1 GET 1 FREE
WOW BODY LOTION BUY 1 GET 2 FREE
FIT 4 DIET GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE, UPTO 50% OFF ON MRP
NEW YEAR SPECIAL OFFER
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 Free
BLUE TRIBE SOYA CHAAP 250GM BUY 1 GET 1 Free
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹75
BISLERI COLA / JEERA / POP / LIMONATA 600ML BUY 1 GET 2 Free
BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR BUY 2 GET 1 Free
MAAZA 1.2 LTR BUY 1 GET 2 Free
FUN FLIPS / DIAMOND CHIPS BUY 1 GET 1 Free
BTW ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 Free
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 Free
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR BUY 1 GET 1 Free
GM POHA(500g) BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE ATTA ( 10 KG ) ₹399
TAJ MAHAL TEA ₹525
TATA TEA PREMIUM 1 KG ₹349
DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG ₹399
RAJDHANI BESAN 1KG ₹89
XCITE NOODLES ( 330 G) BUY 1 GET 1 Free
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML) BUY 1 GET 1 Free
DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL BUY 1 GET 1 Free
PATANJALI NARIYAL BISCUITS 204GM AND ATTA NOODLES BUY 1 GET 1 Free
PATANJALI COW'S GHEE 900ML ₹625
PREET LITE GHEE 1L ₹309
VITA GHEE 1LTR ₹649
PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR ₹175
PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR ₹179
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
UPCOMING BRANCHES Ghaziabad Mohali Bhiwani Pinjore Sirsa
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.